Bharat Temples

सुन अब तो जगा दे मेरा भाग सांवरे बाबा सोया है कहाँ तूं अब जाग सांवरे Bhajans Bhakti Songs

सुन अब तो जगा दे मेरा भाग सांवरे
बाबा सोया है कहाँ तूं अब जाग सांवरे
तेरे संग जीना तेरे संग मरना
मेरी तुझ से ही लग रही लाग सांवरे

मेरी अँखियों में तेरी तस्वीर है, तस्वीर है
मेरा दिल तो तेरी जागीर है, जागीर है
तेरे संग जीना तेरे संग मरना
तेरे चरणों में रख दी है पाग सांवरे
सुन अब तो जगा...

मेरी कोई नहीं करता सुनायी रे, हां सुनायी रे
तेरे सिवा कोई दे दिखाई रे, ना दिखाई रे
तेरे संग जीना तेरे संग मरना
मेरे लग नहीं पावे कहीं दाग सांवरे
सुन अब तो जगा...

एक तूं ही तो सहारा है गरीब का, है गरीब का

पप्पू शर्मा भी तो है तेरे करीब का, है करीब का
तेरे संग जीना तेरे संग मरना
अब तेरे संग खेलूंगा में फाग सांवरे
सुन अब तो जगा...

Source: https://www.bharattemples.com/sun-ab-to-jagaa-de-mera-bhaag-sanware/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw